Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अजमेर में निदेशक, जनशिक्षण संस्थान, अजमेर 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *06 मई, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **श्रीमती श्वेता आनंद निदेशक, जन शिक्षण संस्थान, अजमेर** को परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके बढ़े हुये वेतन में कमीशन के रूप में आरोपिया श्रीमती श्वेता आनंद निदेशक, जन शिक्षण संस्थान, अजमेर द्वारा **40 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी अजमेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी अजमेर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भागचंद** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्रीमती मीरा बेनीवाल** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिया श्रीमती श्वेता आनंद निदेशक, जन शिक्षण संस्थान, अजमेर को परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपिया द्वारा कार्यवाही के दौरान रिश्वत राशि प्राप्त कर संस्थान के अकाउण्टेंट (संविदाकर्मी) रजत कन्नौजिया को दी, जिसने रिश्वत राशि निदेशक के कक्ष में उसकी टेबल पर रखी, जहाँ से रिश्वत राशि बरामद की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि आरोपिया द्वारा शिकायत से पूर्व ही परिवादी से **20 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपिया से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**